फा.सं. ई-गवर्नेंस/3/2024-ई-समन्वय
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संविधान सदन
नई दिल्ली।
दिनांक: 14/05/2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में अप्रैल, 2024 का मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को अप्रैल, 2024 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सारांश की प्रति अग्रेषित करने का निर्देश हुआ है।

ह./-
(पी.के. त्रिपाठी)
अवर सचिव, भारत सरकार
011 - 23034746

संलग्न: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उप-राष्ट्रपति, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का अप्रैल, 2024 माह का मासिक सारांश।**

**1. माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

**(क) संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

अप्रैल, 2024 के अंत में लोक सभा के 677 आश्वासन और राज्य सभा के 658 आश्वासन लंबित थे। माह के दौरान, सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, लोक सभा के कहने पर 17 आश्वासन जोड़े गए, जबकि सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, राज्य सभा के कहने पर 15 आश्वासन जोड़े गए।

**(ख) लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 के तहत और राज्य सभा में नियम 180ए-ई के तहत विशेष उल्लेखों की स्थिति इस प्रकार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत कि गए विशेष उल्लेख** |
|---|---|---|
| 01.04.2024 तक लंबित मामले | 371 | 127 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल मामले | 371 | 127 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 035 | 026 |
| माह के अंत में लंबित मामले | **336** | **101** |

**(ग) युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

- केंद्रीय विद्यालयों के लिए 34वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2023-24 का परिणाम 26 अप्रैल, 2024 को घोषित किया गया है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी खड़गपुर (कोलकाता क्षेत्र, पूर्वी अंचल) को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया है।
- स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान 25 अप्रैल, 2024 को केरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विकासपुरी के छात्रों के लिए स्वच्छता विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- एनवाईपीएस का चौथा संस्करण लॉन्च किया गया और चौथे संस्करण के लिए पंजीकरण 1 अप्रैल, 2024 से शुरू हुआ।
- अप्रैल, 2024 के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से कुल 81 नए पंजीकरण एनवाईपीएस पोर्टल पर किए गए। 34 संस्थानों ने युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद पूर्णत: या आंशिक रूप से तस्वीरें, वीडियो, रिपोर्ट, छात्र विवरण आदि पोर्टल पर अपलोड किए हैं।

**(घ) राष्ट्रीय ई- विधान एप्लीकेशन ( नेवा )**

अप्रैल, 2024 के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईं :

**i. राजस्थान विधान सभा नेवा को अपनाने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली देश की 24वीं विधान सभा बन गई**

राजस्थान विधान सभा ने नेवा को अपनाकर खुद को डिजिटल सदन में परिवर्तित करने के लिए 29 अप्रैल, 2024 को संसदीय कार्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**ii. मेघालय की नेवा परियोजना का लेखापरीक्षण**

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की आंतरिक लेखापरीक्षा विंग ने मेघालय विधान सभा में नेवा परियोजना की लेखापरीक्षा पूरी कर ली है। मेघालय विधान सभा में 29 अप्रैल से 3 मई तक लेखापरीक्षा की गई।

**iii. नेवा पर आभासी सम्मेलन**

(क) 4 अप्रैल, 2024 को नेशनल क्लाउड पर नेवा के डेटा माइग्रेशन हेतु सहायता।

(ख) 30 अप्रैल, 2024 को गुजरात विधान सभा में नेवा सॉफ्टवेयर की आवश्यकताओं पर चर्चा।

(ग) 10 अप्रैल, 2024 को नेशनल क्लाउड पर डेटा माइग्रेशन के लिए हैदराबाद और भुवनेश्वर से सहायता।

**(ङ) स्वच्छता पखवाड़ा समारोह - 2024**

संसदीय कार्य मंत्रालय ने 16 से 30 अप्रैल 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। यह भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा जारी वर्ष 2024 के स्वच्छता पखवाड़ा के कैलेंडर के अनुसार मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत 16 अप्रैल, 2024 को सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छता शपथ' दिलाने के साथ हुई। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, स्वच्छता अभियान चलाया गया और मंत्रालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा पुरानी भौतिक फाइलों की समीक्षा, रिकॉर्डिंग और छंटनी की गई तथा पुरानी एवं अनुपयोगी वस्तुओं की नीलामी के लिए पहचान की गई। संविधान सदन में स्थित मंत्रालय के कमरों की और उपकरणों की सफाई एवं नियमित रखरखाव भी किया गया। कार्यक्रम के भाग के रूप में, जागरूकता फैलाने और स्वच्छता की आदत विकसित करने के लिए केरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विकासपुरी के छात्रों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्कूल में एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा, 2024 का समापन स्वच्छता मापदंडों पर सर्वश्रेष्ठ रहे मंत्रालय के शीर्ष तीन अनुभागों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

**2.** लंबे अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श के कारण अटके महत्वपूर्ण नीतिगत मामले।

-शून्य-

**3.** तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन स्वीकृति' के मामलों की संख्या।

-शून्य-

4. ऐसे मामलों का विवरण जिनमें सरकार के कार्य संचालन नियमों या स्थापित नीति से विचलन हुआ।
-शून्य-

5. चल रहे स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति) ।
- गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं और नियमित रूप से उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति
- इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी।
-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर पर रिक्तियां।
- मंत्रालय में सभी वरिष्ठ स्तर के पद वर्तमान में भरे हुए हैं।

9. ऐसे मामलों की सूची जिनमें ए.सी.सी. के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है
- शून्य

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का ब्यौरा तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहे एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।
- शून्य